भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
**लोक सभा**
मौखिक प्रश्न सं. †*8
सोमवार, 22 जुलाई, 2024/31 आषाढ़, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

## महाराष्ट्र तथा उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा

**†*8. श्री प्रवीण पटेलः**
**डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे:**
क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में पर्यटन को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दे रही है;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा महाराष्ट्र राज्य और उत्तर प्रदेश राज्य में निष्पादित किए गए कार्यों को दर्शाते हुए तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) सरकार द्वारा महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में पर्यटन की कितनी संभावना पर विचार किया जा रहा है:

(घ) इस संबंध में सरकार द्वारा कितनी धनराशि संस्वीकृत की गई और कितनी धनराशि का उपयोग किया गया; और

(ङ) महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के तटीय और शहरी क्षेत्रों में पर्यटन उद्योग का विस्तार करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं अथवा उठाए जाने का विचार है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री** **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

**श्री प्रवीण पटेल और डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे द्वारा महाराष्ट्र तथा उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा के संबंध में दिनांक 22.07.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न सं. †*8 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में विवरण।**

(क) से (ड.): जी हाँ, पर्यटन मंत्रालय घरेलू तथा वैश्विक बाजारों में भारत के पर्यटन स्थलों का संवर्धन करता है। यह संवर्धन कार्य आयोजनों तथा सोशल मीडिया सहित विभिन्न पहलों के माध्यम से किया जाता है।

मंत्रालय, 'आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन एवं प्रचार (डीपीपीएच),' 'स्वदेश दर्शन', 'तीर्थस्थान जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान संबंधी राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' और 'पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता' नामक योजनाओं के तहत महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश के तटवर्ती तथा शहरी क्षेत्रों सहित पर्यटन के संवर्धन और विकास के लिए राज्य सरकारों तथा संघ राज्यक्षेत्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश राज्यों में डीपीपीएच, स्वदेश दर्शन, प्रशाद तथा पर्यटन अवसंरचना विकास हेतु केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

*******

**अनुबंध**

**श्री प्रवीण पटेल और डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे द्वारा महाराष्ट्र तथा उत्तर प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा के संबंध में दिनांक 22.07.2024 को पूछे जाने वाले लोक सभा के मौखिक प्रश्न सं. †*8 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में विवरण।**

**आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच) योजना के तहत सहायता प्राप्त मेलों/महोत्सवों और पर्यटन संबंधी आयोजनों की सूची:-**

| राज्य | वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (लाख रु. में) | जारी की गई राशि (लाख रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | 2016-17 | गंगा महोत्सव, वाराणसी | 25.00 | 25.00 |
| | | शिल्पोत्सव, नोएडा | 30.00 | 30.00 |
| | 2017-18 | शिल्पोत्सव, नोएडा | 25.00 | 25.00 |
| | | नैमिषारण्य, सीतापुर में सांस्कृतिक/पर्यटन विकास पर दो दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन | 25.00 | 25.00 |
| | 2018-19 | शिल्पोत्सव, नोएडा | 30.00 | 30.00 |
| | | ताज महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | | गंगा महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2019-20 | गंगा महोत्सव -वाराणसी | 15.00 | 15.00 |
| | | दीपोत्सव, अयोध्या | 25.00 | 25.00 |
| | | ताज महोत्सव, आगरा | 10.00 | 10.00 |
| | 2022-23 | फिरोजाबाद महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | 2023-24 | फिरोजाबाद महोत्सव | 25.00 | 25.00 |
| | | हाथरस महोत्सव | 25.00 | 25.00 |

**महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश राज्य में स्वदेश दर्शन के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण:-**

| राज्य | परिपथ/ स्वीकृति वर्ष | परियोजना का नाम | स्वीकृत राशि (लाख रु. में) | जारी की गई राशि (लाख रु. में) | प्रयुक्त राशि (लाख रु. में) |
|---|---|---|---|---|---|
| महाराष्ट्र | तटीय परिपथ 2015-16 | सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ - सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (बीच और क्रीक), मितभाव का | 1906 | 1810 | 1761 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | विकास | | | |
| महाराष्ट्र | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | वाकी-अदासा-धापेवाड़ा-पारदसिंघा-तेलखंडी-गिराड का विकास | 4547 | 4319 | 3204 |
| उत्तर प्रदेश | बौद्ध परिपथ 2016-17 | श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास | 8789 | 7256 | 6843 |
| उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ 2016-17 | चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास | 6945 | 6409 | 5603 |
| उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | अहर-अलीगढ़-कासगंज-सरोसी (उन्नाव)-प्रतापगढ़-कौशांबी-मिर्जापुर-गोरखपुर-डुमरियागंज-बस्ती-बाराबंकी-आजमगढ़-कैराना-बागपत-शाहजहांपुर का विकास | 7191 | 6963 | 6963 |
| उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2016-17 | बिजनौर-मेरठ- कानपुर- कानपुर देहात- बांदा- गाजीपुर- सलेमपुर-घोसी- बलिया- अम्बेडकर नगर-अलीगढ़- फतेहपुर- देवरिया-महोबा- सोनभद्र- चंदौली-मिश्रिख- भदोही का विकास | 6751 | 6414 | 6362 |
| उत्तर प्रदेश | विरासत परिपथ 2016-17 | कालिंजर किला (बांदा)-मगहर धाम (संत कबीर नगर)-चौरी चौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर)-महुआर शहीद स्थल (घोसी)-शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास | 3665 | 3227 | 3665 |
| उत्तर प्रदेश | रामायण परिपथ 2017-18 | अयोध्या का विकास | 12721 | 11546 | 11322 |
| उत्तर प्रदेश | आध्यात्मिक परिपथ 2018-19 | जेवर-दादरी-सिकंदराबाद-नोएडा-खुर्जा-बांदा का विकास | 1203 | 1143 | 1169 |
| उत्तर | आध्यात्मिक | गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), | 1830 | 1812 | 1812 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रदेश | परिपथ 2018-19 | देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवासनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास | | | |

**स्वदेश दर्शन 2.0 के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**:

| राज्य | गंतव्य | हस्तक्षेप का नाम | लागत (लाख रु. में) |
|---|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश | नैमिषारण्य | वैदिक-वेलनेस एक्सपीरियंस | **1594** |
| उत्तर प्रदेश | प्रयागराज | आजाद पार्क तथा देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस | **1302** |

**महाराष्ट्र तथा उत्तर प्रदेश राज्य में प्रशाद योजना के अंतर्गत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची**:

| राज्य | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | स्वीकृत लागत (लाख रु. में) | जारी की गई राशि (लाख रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| महाराष्ट्र | त्र्यंबकेश्वर का विकास | 2017-18 | 4218 | 2993 |
| उत्तर प्रदेश | वृंदावन में पर्यटक सुविधा केंद्र का निर्माण | 2014-15 | 936 | 936 |
| उत्तर प्रदेश | मेगा पर्यटक परिपथ(चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास | 2014-15 | 1098 | 1098 |
| उत्तर प्रदेश | वाराणसी का विकास -चरण -I | 2015-16 | 1873 | 1873 |
| उत्तर प्रदेश | वाराणसी में गंगा में नदी क्रूज पर्यटन का विकास | 2017-18 | 902 | 902 |
| उत्तर प्रदेश | वाराणसी का विकास - चरण II | 2017-18 | 4460 | **3177** |
| उत्तर प्रदेश | गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 3759 | 3097 |

**पर्यटन अवसंरचना विकास के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं की सूची:**

| **राज्य का नाम** | **वर्ष** | **परियोजना का नाम** | **एजेंसी** | **स्वीकृत की गई राशि (लाख रु. में)** | **जारी की गई राशि (लाख रु. में)** |
|---|---|---|---|---|---|
| महाराष्ट्र | 2016-17 | एक पर्यटक गंतव्य के रूप में कानोजी आंग्रे लाइटहाउस के विकास के लिए मुंबई पोर्ट ट्रस्ट को केंद्रीय वित्तीय सहायता | मुम्बई पोर्ट ट्रस्ट | 1500 | 1500 |
| महाराष्ट्र | 2017-18 | इंदिरा डॉक, मुंबई में अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/ आधुनिकीकरण। | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 1250 | 1250 |
| महाराष्ट्र | 2021-22 | इंदिरा डॉक**,** मुंबई पोर्ट ट्रस्ट में अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का उन्नयन/आधुनिकीकरण | मुंबई पोर्ट ट्रस्ट | 3750 | 3600 |
| उत्तर प्रदेश | 2017-18 | वाराणसी**,** उत्तर प्रदेश में तीन स्मारकों में प्रकाश व्यवस्था :<br>**1.** दशाश्वमेधघाट से दरबंगाघाट (**300** मीटर का विस्तार)<br>**2.** तुलसीमानस मंदिर<br>**3.** सारनाथ संग्रहालय | केंद्रीय लोक निर्माण विभाग | 293.55 | 293.54 |
| उत्तर प्रदेश | 2014-15 | वाराणसी/ सारनाथ में स्मारकों में प्रकाश व्यवस्था (सारनाथ में धमेख स्तूप, सारनाथ में चौखण्डी स्तूप, सारनाथ में लालकान गुम्बद और बनारस में मन महल) | भारत पर्यटन विकास निगम | 512.43 | 381.47 |

*******